# Magna ग्लोबल रिक्रूटिंग गोपनीयता सूचना

हमारी भर्ती प्रक्रिया के दौरान, Magna International Inc. और इसकी सहयोगी कंपनियों (जिन्हें आगे "Magna", "हम" या "हमारा" कहा गया है) द्वारा आपके निजी डेटा को प्राप्त कर इसे संसाधित किया जाता है।

आपके निजी डेटा की गोपनीयता की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। हम आपके निजी डेटा को प्राप्त और इस्तेमाल करने के तरीके और डेटा की सुरक्षा से जुड़े कानूनों और नियमों के सबसे ऊँचे मानकों का पालन करने के बारे में पूरी पारदर्शिता रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस जानकारी का उद्देश्य आपको यह समझाना है कि भर्ती के दौरान आपका निजी डेटा क्यों और कैसे इस्तेमाल किया जाता है। इसमें यह भी बताया गया है कि आपका डेटा किनके साथ साझा किया जा सकता है, इसे कितने समय तक रखा जाएगा, और इसके इस्तेमाल के संबंध में आपके पास क्या अधिकार हैं।

## I. आपके निजी डेटा को संसाधित करने की ज़िम्मेदारी किसकी है?

जिस Magna कंपनी में आपने आवेदन किया है, वही यह निर्धारित करती है कि आपका कौन-सा निजी डेटा प्राप्त किया जाएगा और इसका उपयोग कैसे होगा। कुछ देशों में इसे "कंट्रोलर" (controller) कहा जाता है।

केंद्रीय रूप से इसकी ज़िम्मेदारी इस विभाग की होगी :

**Magna International Inc.**
337 मैग्ना ड्राइव,
ऑरोरा, ओएन एल4जी 7के1, कनाडा
ईमेल: talentattraction@magna.com

आप नीचे दिए गए ईमेल ऐड्रेस पर Magna की डेटा गोपनीयता और सुरक्षा टीम से संपर्क कर सकते हैं। आवश्यकता के अनुसार, टीम द्वारा आपके अनुरोध को संबंधित डेटा प्रोटेक्शन ऑफ़िसर को भेज दिया जाएगा।
ईमेल: dataprivacy@magna.com

कृपया ध्यान दें कि Magna समूह की कंपनियाँ, लागू कानूनों और इस डेटा गोपनीयता की सूचना के अनुसार, काम को जल्दी और सुरक्षित तरीके से करने के उद्देश्य से आपकी जानकारी को संसाधित करने के लिए साझा इंफ़्रास्ट्रक्चर, सिस्टम और टेक्नोलॉजी का उपयोग करती हैं। यह हमारी भर्ती प्रक्रिया को सुचारु रुप से चलाने के लिए ज़रूरी है।

## II. हम आपके किस निजी डेटा को संसाधित करते हैं?

हम आपके निम्नलिखित प्रकार के निजी डेटा (Personal Data) को संसाधित कर सकते हैं:
- संपर्क से जुड़ी जानकारी (जैसे ईमेल, फोन नंबर, घर का पता)
- पहचान से संबंधित डेटा (जैसे नाम, जन्म तिथि, राष्ट्रीय पहचान संख्या, काम करने का परमिट)
- जनसांख्यिकीय डेटा (जैसे आयु, लैंगिक पहचान, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा का स्तर)
- स्क्रीनिंग सवालों के जवाबों से संबंधित जानकारी

- बैकग्राउंड चेक से मिली जानकारी (जैसे प्रोफ़ेशनल सोशल मीडिया स्क्रीनिंग, रेफ़रेंस, आपराधिक रिकॉर्ड आदि)
- आपके रिज्यूमे या कवर लेटर में दी गई जानकारी (इसमें आपकी तस्वीरें भी शामिल है, अगर आपने इसे साझा किया है)
- शिक्षा और पिछली नौकरी से संबंधित जानकारी
- आपके कार्य संबंधी प्राथमिकताओं (Work Preferences) की जानकारी (जैसे मनचाहा वेतन, ट्रांसफ़र के लिए तैयार होना)
- नौकरी के लिए दिए गए इंटरव्यू का विवरण और आपके द्वारा दिए गए किसी भी टेस्ट या परीक्षा के नतीजे
- उम्मीदवारों से जुड़ी ऑफ़र से पहले की जानकारी (कुछ स्थानों पर)
- यात्रा संबंधी रिकॉर्ड (जैसे यात्रा के कार्यक्रम, परिवहन रिकॉर्ड, होटल बुकिंग, यात्रा के खर्च, वर्क वीज़ा या वीज़ा का आवेदन)
- कोई भी विशेष आवश्यकताएं या स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी
- कुकी जानकारी (अधिक जानकारी के लिए अध्याय XIII देखें)
- आपके द्वारा दी गई कोई भी अन्य जानकारी

कृपया ध्यान दें कि यह पूरी सूची नहीं है, बल्कि परिस्थितियों, लागू कानूनों एवं विनियमों के अनुसार इस्तेमाल किए जाने वाले निजी डेटा की श्रेणियों में बदलाव हो सकता है।

## III. हम आपका निजी डेटा कैसे प्राप्त करते हैं?

आमतौर पर, आपका निजी डेटा सीधे आपसे लिया जाएगा। आपसे यह जानकारी हमारे जॉब पोर्टल पर, आवेदन फ़ॉर्म पर, रिज्यूमे (CV) से या इंटरव्यू के दौरान ली जा सकती है।

कुछ विशेष परिस्थितियों में, जैसे कि नौकरी से पहले की जांच (Pre-Employment Screening) के दौरान, हम आपका निजी डेटा बैकग्राउंड चेक करने वाली एजेंसी जैसे दूसरे स्रोतों से भी प्राप्त कर सकते हैं। हम इस जानकारी को लेते समय सभी लागू डेटा सुरक्षा कानूनों और नियमों का पालन करते हैं।

अगर आपने हमारे संगठन में रुचि दिखाई है या अभी तक नौकरी के लिए आवेदन नहीं किया है, तो आपको संभावित उम्मीदवार (Prospect / Potential Candidate) माना जा सकता है। इस स्थिति में, कोई भर्तीकर्ता (Recruiter) आपका बुनियादी विवरण (नाम, फोन नंबर, ईमेल, रिज्यूमे और शिक्षा का रिकॉर्ड) हमारे जॉब पोर्टल में जोड़ सकता है, या आप खुद इसे हमारे पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं।

## IV. हम आपके निजी डेटा को किन उद्देश्यों के लिए संसाधित करते हैं

हम आपके निजी डेटा को इन उद्देश्यों के लिए संसाधित कर सकते हैं:

- भर्ती प्रक्रिया का प्रबंधन करना (जैसे: नौकरी के उम्मीदवार के लिए एचआर सिस्टम बनाना, आपका आवेदन देखना, मूल्यांकन (Assessments) कराना, इंटरव्यू की योजना बनाना जिसमें यात्रा और खर्च की योजना शामिल है, और इंटरव्यू के फ़ीडबैक को संसाधित करना)
- ऑनबोर्डिंग में मदद करना (आपके आवेदन के सफल होने पर)
- भर्ती प्रक्रिया के दौरान बैकग्राउंड चेक और स्क्रीनिंग करना, जहाँ जहां कानूनी रूप से इसकी अनुमति हो
- आपको अन्य नौकरी के अवसरों के बारे में सूचित करना
- भर्ती प्रक्रिया का विश्लेषण और इसमें सुधार करना, जिसमें रिकॉर्ड रखना और रिपोर्ट बनाना शामिल है
- कानूनी दावे (Legal Claims) करना और उनसे बचाव करना
- जानकारियों की पुष्टि करना और रेफ़रेंस की जाँच करना

- आवेदन किए गए अवसर (Applied Opportunity) के लिए पात्रता का मूल्यांकन करना
- कानूनी दायित्वों (जैसे वित्तीय, प्रशासनिक आवश्यकताएँ, कार्य करने की पात्रता की जांच) और कानूनी अनुरोधों का पालन करना

कृपया ध्यान दें कि यह सूची पूरी नहीं है, और परिस्थितियों और लागू कानूनों एवं नियमों के अनुसार निजी डेटा को इस्तेमाल करने के उद्देश्य में बदलाव होना संभव है।

## V. निजी डेटा की प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार

हम आपके निजी डेटा के प्रोसेसिंग के लिए इन कानूनी आधारों का उपयोग करते हैं:

- आपके साथ नौकरी का अनुबंध (Employment Contract) तैयार करने और दर्ज करने की आवश्यकता
- हमारी कानूनी ज़िम्मेदारियों (Legal Obligations) को पूरा करने की आवश्यकता
- आपकी सहमति (Consent), जिसे आप कभी भी वापस ले सकते हैं
- हमारे वैध हित (Legitimate Interests), जैसे हमारी भर्ती और चयन प्रक्रिया का प्रबंधन करना और इसे बेहतर बनाना, या कानूनी दावे करना और उनसे बचाव करना। लेकिन हम हर मामले का अलग-अलग मूल्यांकन (Case-by-Case Assessment) करेंगे ताकि यह तय किया जा सके कि हमारे हित आपके हितों या आपके मूल अधिकारों और स्वतंत्रताओं (Fundamental Rights and Freedoms) से ऊपर न हों, जिनकी सुरक्षा के लिए निजी डेटा (Personal Data) जरूरी है।

## VI. आपका व्यक्तिगत डेटा कहाँ संसाधित किया जाएगा?

आपका निजी डेटा आपके देश के बाहर मौजूद Magna की सहयोगी कंपनियों को भेजा जा सकता है या वे इसे एक्सेस कर सकती हैं। यह संभव है कि इन देशों में आपके देश के समान मजबूत डेटा सुरक्षा नहीं हो। फिर भी Magna द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि हमेशा आपके डेटा को सुरक्षित रूप से प्रोसेस किया जाए। Magna की सभी सहयोगी कंपनियों के लिए आपके डेटा को लागू गोपनीयता कानूनों के अनुसार संभालना और अधिकृत कर्मचारियों को गोपनीयता नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

आवेदन प्रक्रिया के दौरान, Magna की भर्ती टीम आपकी जानकारी की तुलना पूरे Magna ग्रुप में मौजूद नौकरियों की प्रोफ़ाइल्स से कर सकती है। इससे हमें आपको दूसरी Magna कंपनियों में उपयुक्त नौकरी के अवसरों से जोड़ने में मदद मिलती है। अगर हमें कोई मेल मिलता है, तो आपकी प्रोफ़ाइल - जिसमें आपका निजी डेटा शामिल होता है - उस संबंधित Magna कंपनी के साथ साझा की जा सकती है ताकि वे उस पद के लिए आपकी पात्रता पर विचार कर सकें।

## VII. हम आपके निजी डेटा की सुरक्षा कैसे करते हैं?

Magna ने आपके निजी डेटा की सुरक्षा के लिए सही तकनीकी, संगठनात्मक और भौतिक सुरक्षा उपाय अपनाए हैं। ये उपाय आपके डेटा को गलती से, अनधिकृत या गैरकानूनी तरीके से मिटने, खोने, बदलने या लीक होने से बचाने के लिए बनाए गए हैं। हमारे कर्मचारी और संविदा पर काम करने वाले साझेदार (Contractual Partners) सख्त गोपनीयता नियमों का पालन करते हैं और सिर्फ ज़रूरत पड़ने पर ही आपके निजी डेटा को देखते और उसे संसाधित करते हैं।

## VIII. हम तीसरे पक्ष के वेंडर और सेवा प्रदाताओं के साथ कैसे काम करते हैं?

हमारी भर्ती प्रक्रिया को बेहतर बनाने और उसका समर्थन करने के लिए, हम कुछ तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं (Third-Party Providers) की मदद लेते हैं जो अलग-अलग कामों में हमारी सहायता करते हैं। ये प्रदाता हमारी ओर से आपका निजी डेटा इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे कुछ प्रदाताओं के उदाहरण इस प्रकार हैं:

- आवेदन ट्रैकिंग सिस्टम (Applicant Tracking System) देने वाले प्रदाता
- भर्ती सेवाएँ देने वाले प्रदाता
- रोज़गार एजेंसियाँ
- इंटरव्यू और मूल्यांकन को आसान बनाने वाले वेंडर
- आप्रवासन (Immigration) सलाहकार, जिनमें वकील और कंसल्टेंट शामिल हैं
- रिपोर्टिंग और विश्लेषण सेवाएँ देने वाले प्रदाता
- नौकरी से पहले की स्क्रीनिंग सेवाएँ देने वाले प्रदाता

हमने इन तीसरे पक्ष के प्रदाताओं के साथ डेटा गोपनीयता के मजबूत समझौते किए हैं, जिनमें यूरोपीय आयोग द्वारा अनुमोदित मानक संविदात्मक प्रावधान (Standard Contractual Clauses) शामिल हैं। हम कुछ देशों के लिए, यूरोपीय आयोग के पर्याप्तता निर्णयों (Adequacy Decisions) पर भरोसा करते हैं ताकि आपकी जानकारी सुरक्षित रहे। हम इन प्रदाताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे सही सुरक्षा उपाय अपनाएँ और आपकी जानकारी का इस्तेमाल केवल उन्हीं सेवाओं के लिए करें जिनकी सहमति दी गई है।

कृपया ध्यान दें कि हमारे जॉब पोर्टल में हम कुछ तीसरे पक्ष के इंटीग्रेशन (Third-Party Integrations) का उपयोग करते हैं ताकि आपके लिए किसी पद पर आवेदन करना आसान बनाया जा सके। अगर आप इस विकल्प को चुनते हैं, तो आपका आवेदन आपकी प्रोफ़ाइल की जानकारी, जैसे नाम, मौजूदा पद और अन्य विवरण से अपने आप भर जाएगा। आप आवेदन जमा करने से पहले इस पहले से भरी गई जानकारी को बदल सकते हैं और/या अतिरिक्त सवालों के जवाब दे सकते हैं।

## IX. हम आपका व्यक्तिगत डेटा कितने समय तक रखते हैं?

हम आपका निजी डेटा तभी हटा देते हैं जब ऊपर बताए गए उद्देश्यों के लिए इसकी ज़रूरत नहीं रह जाती। अगर आपकी भर्ती सफल होती है, तो आपका डेटा Magna की कर्मचारी गोपनीयता सूचना के अनुसार स्थानांतरित और इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, हम आपका डेटा उतनी अवधि तक रखते हैं, जितने समय तक हमारे खिलाफ कोई दावा किया जा सकता है - यह अवधि स्थानीय कानूनों और नियमों में तय वैधानिक सीमा पर निर्भर करती है। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ (EU) में हम आम तौर पर आवेदन से जुड़ा डेटा छह महीने तक रखते हैं। अगर आप हमारी डेटा रखने की प्रक्रिया के बारे में और जानना चाहते हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें।

## X. आपके निजी डेटा के संबंध में आपके क्या अधिकार हैं?

आपके निजी डेटा के संबंध में, आपके निवास के देश या क्षेत्र के कानूनों के अनुसार आप इन अधिकारों के पात्र हो सकते हैं:

- डेटा के बारे में अपनी जानकारी तक ऐक्सेस पाने का अधिकार
- अपने डेटा में संशोधन करने (Rectify) का अधिकार
- अपने डेटा को मिटाने या इसे गुमनाम (Anonymize) रखने का अधिकार
- अपने डेटा के इस्तेमाल (Processing) को सीमित करने का अधिकार
- डेटा की पोर्टेबिलिटी (Portability) का अधिकार

आप डेटा गोपनीयता से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए सीधे हमसे, या अपने देश के डेटा गोपनीयता पर्यवेक्षी प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

अगर आप अपनी उम्मीदवार प्रोफ़ाइल हटवाना चाहते हैं, तो कृपया Magna की भर्ती टीम से इस ईमेल पर संपर्क करें: workdaydataprivacy@magna.com

## XI. सहमति वापस लेने का अधिकार

अगर आपके निजी डेटा का इस्तेमाल आपकी सहमति पर आधारित है, तो आप अपनी सहमति को कभी भी वापस ले सकते हैं। यह वापसी भविष्य के लिए लागू रहेगी।

## XII. व्यक्तिगत मामलों में आपत्ति दर्ज करने का अधिकार

आपके पास अपने निजी डेटा के इस्तेमाल (Processing) के खिलाफ किसी भी समय आपत्ति करने का अधिकार है। Magna की ओर से आपके डेटा को तब तक प्रोसेस नहीं किया जाएगा जब तक कि इसका कारण इनमें से न हो:

- सार्वजनिक हित के लिए या कंट्रोलर को दिए गए अधिकारों के तहत डेटा का इस्तेमाल करना ज़रूरी हो
- Magna या किसी तीसरे पक्ष के वैध हितों की रक्षा के लिए डेटा का इस्तेमाल ज़रूरी हो - लेकिन उन मामलों को छोड़कर जहाँ आपके निजी डेटा की सुरक्षा आपके हितों या मूल अधिकारों और स्वतंत्रताओं की वजह से ज़रूरी हो, खासकर जब डेटा किसी बच्चे से संबंधित हो
- अगर डेटा का इस्तेमाल कानूनी दावे करने, या उनसे बचाव करने के लिए ज़रूरी हो

आप अपनी आपत्ति बिना किसी औपचारिक प्रारूप के इस पते पर भेज सकते है

**Magna International Inc.**
337 मैग्ना ड्राइव,
ऑरोरा, ओएन एल4जी 7के1, कनाडा
ईमेल: dataprivacy@magna.com

## XIII. कुकीज़

कुकीज़ कुछ छोटी फ़ाइलें होती हैं, जिन्हें आपको कोई वेबसाइट को विज़िट करने पर आपके ब्राउज़र से आपके डिवाइस पर स्टोर करा जा सकता है, ताकि आपकी जानकारी जैसे भाषा की पसंद या लॉगिन डिटेल्स को याद रखा जा सके। इन्हें आमतौर पर वेबसाइट को चलाने, बेहतर तरीके से काम करने, और वेबसाइट के मालिकों को जानकारी देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस सेक्शन में हम बताएँगे कि हम कौन-सी कुकीज़ को क्यों इस्तेमाल करते हैं।

हमारी करियर वेबसाइट पर अलग-अलग प्रकार की कुकीज़ इस्तेमाल की जाती हैं: अनिवार्य कुकीज़ (Strictly Necessary Cookies) और वैकल्पिक सुविधाओं (Optional Features) से संबंधित कुकीज़

**अनिवार्य कुकीज़**
ये कुकीज़ वेबसाइट को चलाने के लिए आवश्यक होती हैं और हमारे सिस्टम में इन्हें बंद नहीं किया जा सकता है। इन्हें आमतौर पर तभी भेजा जाता है जब आप किसी सेवा का अनुरोध जैसे लॉगिन करना या फ़ॉर्म भरना आदि करते हैं। आप अपने ब्राउज़र की सेटिंग से इन कुकीज़ को ब्लॉक कर सकते हैं या इनके बारे में अलर्ट पा

सकते हैं, लेकिन इससे वेबसाइट के कुछ हिस्से ठीक से काम नहीं करेंगे। ये कुकीज़ आपका कोई भी निजी डेटा स्टोर नहीं करतीं हैं।

हमारे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अनिवार्य कुकीज़ और इनकी वैधता इस प्रकार है:

- **सेशन मैनेजमेंट कुकीज़** – ये कुकीज़ यूज़र, डिवाइस और सेशन आईडी के साथ टाइमस्टैम्प को ट्रैक करती हैं, ताकि कुछ समय की निष्क्रियता के बाद सेशन को बंद किया जा सके। ये कुकीज़ सेशन खत्म होते ही समाप्त हो जाती हैं।
- **रूटिंग कुकीज़** – ये सेवा की निरंतरता के लिए एक सेशन के अनुरोधों को समान सर्वर पर भेजने का काम करती हैं। ये भी सेशन के अंत में समाप्त हो जाती हैं।
- **ऐप्लिकेशन सिक्योरिटी मैनेजमेंट (ASM) कुकीज़** – ये वेब एप्लिकेशन और उसके इंफ़्रास्ट्रक्चर को सुरक्षा संबंधी हमलों से बचाने में मदद करती हैं। ये कुकीज़ भी सेशन खत्म होते ही समाप्त हो जाती हैं।

**वैकल्पिक सुविधाओं से संबंधित कुकीज़**
हमारा ऐप्लिकेंट ट्रैकिंग सिस्टम (ATS) हमें अपनी करियर साइट पर कुछ वैकल्पिक सुविधाएँ सेट करने की अनुमति देता है, जो ऐसी कुकीज़ का इस्तेमाल कर सकती हैं जिन्हें अनिवार्य नहीं माना जाता है। ऐसी कई सुविधाएँ हैं जो इन तरह की कुकीज़ का उपयोग कर सकती हैं:

> LinkedIn कुकीज़ हमें अपनी साइट को इस तरह सेट करने की अनुमति देती हैं कि यूज़र अपने LinkedIn प्रोफ़ाइल से ही उपलब्ध नौकरियों के लिए आवेदन कर सकें। अगर "Apply with LinkedIn" सुविधा चालू की गई है, तो LinkedIn द्वारा यूज़र के डिवाइस पर कई कुकीज़ स्टोर की जाती हैं। चूंकि LinkedIn की कुकीज़ का प्रकार और अवधि समय के साथ बदल सकती है, इसलिए हमारा सुझाव है कि 'Apply with LinkedIn' से जुड़ी कुकीज़ की पूरी जानकारी के लिए सीधे LinkedIn से संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए, LinkedIn की कुकीज़ पॉलिसी में 'Plugins on and off LinkedIn' का सेक्शन देखें: https://www.linkedin.com/legal/cookie-policy

**आपके द्वारा कुकीज़ को अस्वीकार करने पर क्या होता है?**
जब आप हमारी करियर वेबसाइट पर जाते हैं, तो आपके पास यह तय करने का विकल्प होता है कि आप कौन-सी कुकीज़ स्वीकार करना चाहते हैं। यहाँ आपकी जानकारी के लिए कुछ ज़रूरी बातें बताई गई हैं:

- **अनिवार्य कुकीज़**: ये कुकीज़ वेबसाइट को सही तरीके से चलाने के लिए ज़रूरी हैं। क्योंकि ये सुरक्षा, सेशन के प्रबंधन और वेबसाइट की मूल कार्यक्षमता जैसी मुख्य सेवाएँ देती हैं, इसलिए आप इन्हें कुकी बैनर से अस्वीकार नहीं कर सकते। हालाँकि, आप अपने ब्राउज़र की सेटिंग्स से इन्हें ब्लॉक कर सकते हैं - लेकिन ऐसा करने पर साइट के कुछ हिस्से ठीक से काम नहीं करेंगे।
- **वैकल्पिक कुकीज़**: वैकल्पिक कुकीज़ में LinkedIn इंटीग्रेशन जैसी एनालिटिक्स और तीसरे पक्ष की सुविधाएँ शामिल होती हैं। आप यह तय कर सकते हैं कि इन कुकीज़ को स्वीकार करना है या नहीं।
    - यदि आप वैकल्पिक कुकीज़ **स्वीकार** करते हैं, तो हम आपके अनुभव को बेहतर बनाने और अपनी सेवाओं में सुधार करने के लिए LinkedIn सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं।
    - यदि आप वैकल्पिक कुकीज़ **अस्वीकार** करते हैं, तो ये सुविधाएँ आपके सेशन (Session) के लिए डिसेबल हो जाएंगी, और आपकी पसंद को याद रखने के लिए एक कुकी सेव कर ली जाएगी।
    - अगर आप कुकी बैनर को **अनदेखा** करते हैं, तो वैकल्पिक कुकीज़ आपके सेशन के दौरान इस्तेमाल नहीं की जाएंगी

आप कभी भी अपने कुकी के विकल्प बदल सकते हैं। इसके लिए आप अपने ब्राउज़र की सेटिंग्स में बदलाव कर सकते हैं या (उपलब्ध होने पर) कुकी बैनर पर वापस जा सकते हैं।

## XIV. आप इस डेटा गोपनीयता सूचना में होने वाले बदलावों के बारे में कैसे जान सकते हैं?

कृपया ध्यान दें कि हम इस डेटा गोपनीयता सूचना को समय-समय पर अपडेट कर सकते हैं। हाल में किए गए किसी भी बदलाव से अवगत रहने के लिए इस सूचना की समय-समय पर समीक्षा करना उचित रहेगा।

इस भर्ती डेटा गोपनीयता सूचना को अंतिम बार जुलाई 2025 में अपडेट किया गया था।